वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्): (क) और (ख) वर्ष 1993-94 (अप्रैल-मार्च) की तुलना में वर्ष 1994-95 (अप्रैल-मार्च) के दौरान जिन देशों को भारत से किए गए निर्यात में वृद्धि हुई उनके नाम और डालर मूल्य में उनकी प्रतिशत वृद्धि आंकड़े नीचे दिए गए हैं:

देश	प्रतिशत वृद्धि
1. आस्ट्रेलिया	41.2
2. बंगलादेश	48.2
3. बेल्जियम	17.1
4. फ्रांस	15.4
5. जर्मनी	12.8
6. हांगकांग	21.3
7. इटली	41.9
8. जापान	16.6
9. कोरिया गणराज्य	16.6
10. नीदरलैण्ड	14.0
11. रूस	29.7
12. स्पेन	38.3
13. श्रीलंका	27.4
14. ब्रिटेन	22.4
15. संयुक्त राज्य अमरीका	25.4

(ग) निर्यात संवर्धन करते रहना एक सतत प्रयास है। देशवार निर्यात रुख और मदों की बारीकी से मानीटरिंग की जाती है। निर्यात संवर्धन के लिए देश-विशेष तथा वस्तु-विशेष संबंधी उपाए किए जाते हैं और अड़चनें/बाधाएं, यदि कोई हों, दूर की जाती हैं। देश विशेष संबंधी उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ ये शामिल हैं:—लक्ष्यित देशों को व्यापार प्रतिनिधिमण्डल भेजना, विदेशों में नए बाजारों का बाजार अनुसंधान तथा विकास, व्यापार मेलों का आयोजन, क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित करना, संयुक्त आयोग और बदलते हुए परिदृश्य का सामना करने के लिए विदेशों में वाणिज्यिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करना तथा उनकी पुनःसंरचना करना।

(घ) सतत प्रयासों के फलस्वरूप चालू वर्ष में निर्यात वृद्धि की गति बनाए रखी गई है। अप्रैल-मई, 1995 की अवधि, वह अद्यतन अवधि जिसके लिए विदेश व्यापार के आंकड़े उपलब्ध हैं के दौरान निर्यात में डालर के रूप में लगभग 27% की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि वर्ष 1994-95 में यह वृद्धि लगभग 18% रही थी।

Modern technologies in coal sector

99. SHRI PRAMOD MAHAJAN:
SHRI VIREN J. SHAH:

Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration for the introduction of modern technologies in some of its mines in South-Eastern Coalfields Ltd. (SECL);

(b) if so, what are the details in this regard;

(c) to what extent the introduction of modern technologies are likely to boost the underground production and productivity; and

(d) what are the details of mines of SECL identified by Coal India Limited (CIL) and also the details of bids received/evaluated so far?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJIT KUMAR PANJA): (a) to (d) Yes, Sir. Coal India Limited has invited global bids on gain/risk sharing basis for introduction of modern technologies in seven underground mines of SECL, namely Kapildhara, Somna, Churcha Expansion, Chirimiri (Zero Seam), Pinoura, Vindhya and Kalyani.

In this connection, 26 companies have purchased tender documents. The quantum of production increase and other related details would become known when the bids are received and finally evaluated.

उत्तम गुणवत्ता के कोयले का अभाव

100. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में कम राख युक्त